


# पंचदश बिहार विधान सभा

## एकादश सत्र

## <u>दैनिक विवरणिका</u>

संख्या-06 शुक्रवार, दिनांक- 13 दिसम्बर, 2013 ई० ।

**<u>माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।</u>**

**समय : 10.00 बजे पूर्वाह्न से 11.05 बजे पूर्वाह्न तक ।**

[1] **''राज्य में मुसलमानों की आर्थिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक स्थिति में हो रही गिरावट से उत्पन्न स्थिति'' पर नियम-43 के अन्तर्गत विमर्श :-**

माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा ''राज्य में मुसलमानों की आर्थिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक स्थिति में हो रही गिरावट से उत्पन्न स्थिति'' पर विमर्श का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा अपना पक्ष रखा गया ।

विमर्श में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री नन्द किशोर यादव
(ii) डा० इजहार अहमद
(iii) डा० मुहम्मद जावेद
(iv) श्री अवधेश कुमार राय
(v) श्री दुलालचंद्र गोस्वामी

माननीय मंत्री श्री शाहिद अली खान द्वारा सरकार की ओर से उत्तर दिया गया ।

उत्तर से असंतुष्ट होकर राजद के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

कुछ क्षण पश्चात् भाजपा के माननीय सदस्यगण भी उत्तर से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन कर गए ।

समय 11.00 बजे पूर्वा० से 11.05 बजे पूर्वा० तक ।

[2] **<u>प्रश्नोत्तर काल</u> :-**

(i) 05 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ठ हुए ।

प्रश्नोत्तर काल शुरू होते ही भाजपा के माननीय सदस्यगण नारेबाजी करते हुए सदन में आए और वेल में चले गए । आसन द्वारा उनसे बार-बार अनुरोध किया गया कि वे अपनी सीट पर बैठें वहाँ से जो भी कहना है कहें । लेकिन सदन में शांति कायम नहीं हो सका । सदन की कार्यवाही 12.00 बजे मध्याह्न तक के लिए स्थगित हुए ।

**स्थगनोपरांत**

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया**

समय 12.00 बजे मध्याह्न से 12.25 बजे अप० तक

[3] **कार्यस्थगन :-**

माननीय सदस्य श्री चन्द्रशेखर से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन से अमान्य किये जाने की घोषणा की गई ।

[4] **विशेषाधिकार हनन की सूचना :-**

माननीय सदस्य श्री कृष्णनन्दन यादव द्वारा माननीय सदस्य श्री रामाधार सिंह, क्षेत्र सं०-223 के विरूद्ध कार्य संचालन नियमावली के नियम 242 एवं 243 के अन्तर्गत विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाया गया तथा आसन की अनुमति से उसे पढ़ा गया । इसके समर्थन में उन्नीस से ज्यादा सदस्य खड़े थे ।

आसन से घोषणा की गई कि जाँच एवं प्रतिवेदन देने हेतु इस विषय को विशेषाधिकार समिति को सौंपा जाता है ।

[5] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्रीमती पूनम देवी यादव (ii) श्री प्रदीप कुमार
(iii) श्री विनोद प्रसाद यादव (iv) डा० इजहार अहमद

[6] **''बिहार में पंचायती राज संस्थाओं का सशक्तिकरण'' विषय पर वक्तव्य :-**

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अपने वक्तव्य की प्रति को सदन पटल पर रखा गया (यथा संलग्न) ।

[7] **ध्यानाकर्षण सूचना :-**

(i) माननीय सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह से प्राप्त तथा दिनांक 09, 11 एवं 12 दिसम्बर 2013 से स्थगित गृह (आरक्षी) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर के लिए प्रभारी मंत्री द्वारा समय लिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री सोमप्रकाश सिंह एवं अन्य तीन सभासदों का दिनांक 10 एवं 12 दिसम्बर 2013 से स्थगित गृह (आरक्षी) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर के लिए प्रभारी मंत्री द्वारा समय लिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री ललित यादव से प्राप्त तथा दिनांक 10 एवं 12 दिसम्बर 2013 से स्थगित नगर एवं आवास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर सदन पटल पर रखा गया ।

(iv) माननीय सदस्य श्री सदानन्द सिंह, दुलालचन्द्र गोस्वामी एवं चार सभासदों का दिनांक 11 एवं 12 दिसम्बर 2013 से स्थगित वाणिज्यकर विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का जवाब सदन पटल पर रखा गया ।

(v) माननीय सदस्य श्री अवधेश कुमार राय, बैद्यनाथ सहनी एवं अन्य दो सभासदों का दिनांक 11 दिसम्बर 2013 से स्थगित ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(vi) माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं अन्य दो सभासदों का दिनांक 12 दिसम्बर 2013 से स्थगित पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर सदन पटल पर रखा गया ।

(vii) माननीय सदस्य श्री तारकिशोर प्रसाद एवं अन्य पाँच सभासदों का दिनांक 12 दिसम्बर 2013 से स्थगित शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना अपृष्ठ हुआ ।

(viii) श्री अरूण मांझी, स०वि०स० एवं अन्य चार सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(ix) माननीय सदस्य श्री पवन कुमार जायसवाल एवं अन्य तीन सभासदों का समाज कल्याण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर सभा पटल पर रखा गया ।

आसन से घोषणा की गई कि शेष ध्यानाकर्षण सूचनाएँ ध्यानाकर्षण समिति को सौंपी जाती है ।

[8] <u>सभा के समक्ष प्रतिवेदन का रखा जाना</u> :-

(i) माननीय सभापति लोक लेखा समिति श्री ललित कुमार यादव द्वारा लोक लेखा समिति का 514, 517, 522, 523, 524 एवं 525वाँ प्रतिवेदन सभा मेज पर रखा गया ।

[9] <u>याचिकाओं का उपस्थापन</u> :-

प्रभारी सचिव द्वारा 31 याचिकाओं का सदन में उपस्थापित किया गया ।

इस दौरान भाजपा के माननीय सदस्यगण सदन के वेल में नारेबाजी करते रहे । आसन से बार-बार लगातार अनुरोध किया गया कि वे शांत रहें और अपनी सीट पर जाकर बात कहनी है वे कहें लेकिन शांति कायम नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही दो बजे दिन तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।**

समय 2.00 बजे अप० से 04.20 बजे अप० तक ।

[10] <u>गैर सरकारी संकल्प</u> :-

02 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत ।

59 गैर सरकारी संकल्प वापस ।

51 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ठ ।

गैर सरकारी संकल्प सं०-21 के निष्पादन के दौरान माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरि नारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया ।

गैर सरकारी संकल्प सं०-80 के निष्पादन के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।

''गैर सरकारी संकल्प सं०-03 के निष्पादन के दौरान ही भाजपा के माननीय सदस्यगण विरोध प्रकट करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

[11] <u>प्रश्नों का विवरण</u> :-

सभा नेता द्वारा प्रश्नों की विवरणी को सदन में प्रस्तुत किया किया गया (यथा संलग्न) ।

[12] <u>माननीय अध्यक्ष महोदय का समापन भाषण</u> :-

यथा संलग्न ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-13.12.2013

फूल झा<br>प्रभारी सचिव,<br>बिहार विधान सभा, पटना ।